## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

## प्रेस-नोट

**दिनांक- 12.10.2024**

**विषय:- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा 137(2),74 B.N.S. व 7/8 POCSO ACT थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त मो0 अकरम पुत्र मो0 अफरोज निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ को आज दिनांक 12/10/2024 को सरैया बाजार से समय 11.20 बजे गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 08/10/2024 को वादी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि दिनांक 08/10/2024 को सुबह 09.25 बजे फल लेने गयी उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर वापस नहीं आयी है। जिसके आधार पर दिनांक 08/10/2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-214/2024 धारा- 137(2) BNS पंजीकृत किया गया था।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त मो0 अकरम पुत्र मो0 अफरोज निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ उपरोक्त पूछने पर बता रहा है की साहब मुझसे गलती हो गयी माफ कर दीजिए।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक 12/10/2024 सिटी स्टेशन माल गोदाम के पास से।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. मो0 अकरम पुत्र मो0 अफरोज निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ उम्र करीब 28 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 214/2024 धारा 137(2),74 B.N.S. व 7/8 POCSO ACT थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अंकित कुमार राय, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 कीर्ति कुमार, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**